# हरियाणा विधान सभा

## अगस्त सत्र 2025

## अतारांकित प्रश्न

## 26 अगस्त 2025

----

**कुल प्रश्न - 40**

----

### हरियाणा अनुसूचित जाति विकास निधि योजना निधियों के आवंटन तथा व्यय के संबंध में कानून

81 **श्री शीशपाल केहरवाला ( कालांवाली):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या हरियाणा अनुसूचित जाति विकास निधि योजना, इसके आवंटन तथा वित्तीय संसाधनों के प्रबंधन के उचित उपयोग के लिए सरकार द्वारा कोई कानून बनाया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह निधि वित्तीय वर्ष के अंत में बिना व्यय के व्यपगत न हो तथा सरकार के सभी विभागों के योजना विभाग द्वारा अनुसूचित जाति विकास की आवंटित योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित हो सके ; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

ख) यदि नहीं, तो क्या इस प्रकार का कानून बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

### विभिन्न अपराधों के मामलों की संख्या

82 **श्री अदित्य देवीलाल ( डबवाली):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) वर्ष 2019 से 31 जुलाई, 2025 तक राज्य में सरकार द्वारा पंजीकृत किए गए हत्या, बलात्कार, सामूहिक बलात्कार, अपहरण, डकैती, लूट, महिलाओं के विरुद्ध अपराध, व्यापारियों के विरुद्ध अपराध तथा अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध अपराधों की वर्षवार संख्या कितनी है तथा इन मामलों में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है तथा उसका जिलेवार विस्तृत ब्यौरा क्या है; तथा

ख) क्या सरकार ने व्यापारियों तथा आम जनता की सुरक्षा के लिए इन अपराधों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कोई ठोस योजना/रणनीति या कार्य योजना तैयार की गई है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## नशा तस्करों के विरुद्ध पंजीकृत मामलों की संख्या

83 **श्री अदित्य देवीलाल ( डबवाली)ः**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में नशा- सेवन की समस्या निरंतर बढ़ रही है; यदि हाँ, तो राज्य में 1 जनवरी, 2019 से जुलाई, 2025 तक नशे की लत के कारण मरने वाले युवाओं की संख्या कितनी है तथा सरकार द्वारा अपराधियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है तथा उनका जिला-वार ब्यौरा क्या है; तथा

ख) वर्ष 2019 से 2025 तक राज्य में नशा तस्करों के विरुद्ध कितने मामले पंजीकृत किए गए हैं तथा नशे की कितनी मात्रा जब्त की गई है तथा ऐसे व्यक्तियों की संख्या कितनी है जिन्हें न्यायालय द्वारा दोषी ठहराया गया है तथा उनका जिला-वार ब्यौरा क्या है?

----

## छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों का ब्यौरा

84 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह)ः**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) अप्रैल, 2019 से अप्रैल, 2025 तक नूहं जिले में सभी महाविद्यालय संस्थानों में विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित हुए छात्रों की योजना-वार संख्या कितनी है तथा उनका विस्तृत ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) अप्रैल, 2019 से अप्रैल, 2025 की अवधि के दौरान राज्य के राजकीय महाविद्यालयों में विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं से लाभान्वित हुए छात्रों की योजनावार, जिला-वार तथा वर्ष-वार संख्या कितनी है तथा उनका ब्यौरा क्या है?

----

## अध्यापकों के रिक्त पदों को भरना

85 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या विद्यालय शिक्षा मंत्री कृप्या बताएंगे कि :-

क) 01.04.2025 तक राज्य में राजकीय विद्यालयों की जिला-वार संख्या कितनी है तथा प्रत्येक श्रेणी में स्वीकृत पदों की संख्या कितनी है तथा प्रत्येक श्रेणी के रिक्त पदों की संख्या कितनी है;

ख) क्या नूहं जिले में राजकीय विद्यालयों के रिक्त पदों को भरने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, इनके कब भरे जाने की सम्भावना है; तथा

ग) यदि नहीं, इन रिक्त पदों को न भरने के कारण क्या हैं?

----

## सरकारी कार्यक्रमों के आयोजन पर व्यय

86 **श्री भारत भूषण बत्तरा ( रोहतक):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) सरकार द्वारा 13.04.2024 से 31.07.2025 तक सरकारी कार्यक्रमों के आयोजन जैसे कि विभिन्न सार्वजनिक बैठकों, सम्मेलनों तथा मंत्रियों की बैठकों से संबंधित प्रचार सहित अन्य कार्यक्रमों पर कुल कितना व्यय किया गया है ; तथा

(ख) उपरोक्त अवधि के दौरान माननीय मुख्यमंत्री तथा अन्य मंत्रियों द्वारा कुल कितनी बैठकों का आयोजन किया गया है तथा ऐसी बैठकों की व्यवस्था जैसे टेंट, लाउडस्पीकर, पंडाल, कुर्सियाँ, रोशनी की व्यवस्थाएं, परिवहन तथा सजावट इत्यादि पर कितना व्यय किया गया ?

----

## चार्ज- शीट अधिकारियों/कर्मचारियों का ब्यौरा

87 **श्री भारत भूषण बत्तरा ( रोहतक):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) क्या यह तथ्य है कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, रोहतक के 42 अधिकारियों/ कर्मचारियों को जुलाई, 2025 में चार्ज- शीट किया गया था; यदि हां, तो उनका नाम-वार ब्यौरा क्या है;

ख) क्या उन अधिकारियों/कर्मचारियों ने सिविल कार्यों को, निविदा प्रक्रिया का पालन किए बिना ही तथा इसके बजाय उनके लिए ऑफ़लाइन वर्क ऑर्डर जारी करके निष्पादित

किया; तथा

ग) ऑफ़लाइन वर्क ऑर्डर के माध्यम से निष्पादित किए गए उक्त कार्यों की संख्या कितनी है तथा उनका ब्यौरा क्या है?

----

## हरियाणा कौशल रोजगार निगम के अंतर्गत नियोजित व्यक्तियों की संख्या

**88 श्री इंदुराज सिंह नरवाल (बड़ौदा):**

क्या युवा अधिकारिता तथा उद्यमिता राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) हरियाणा कौशल रोज़गार निगम के अंतर्गत सरकार द्वारा अब तक कितने पदों पर नियुक्तियाँ की गई हैं तथा नियोजित किये गये व्यक्तियों की संख्या कितनी हैं; तथा

ख) क्या उपरोक्त नियुक्तियों में किसी भी श्रेणी के लिए सरकार द्वारा कोई कोटा निर्धारित किया गया है; यदि हां, तो प्रत्येक को आवंटित कोटे की प्रतिशतता का श्रेणीवार ब्यौरा क्या है तथा प्रत्येक श्रेणी को मिलने वाले लाभ क्या हैं तथा उनका पूरा ब्यौरा क्या है?

----

## सेम तथा बरसाती पानी की निकासी के लिए ट्यूबवैल लगाना

**89 श्री नरेश सेलवाल ( उक्लाना):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) साबरवास-कुम्हारिया गाँव से सेम तथा बरसाती पानी की निकासी के लिए सरकार द्वारा क्या प्रावधान किए गए हैं;

ख) क्या यह तथ्य है कि इस प्रयोजन के लिए लगाए गए ट्यूबवैल ठीक से काम नहीं कर रहे हैं; तथा

ग) यदि हां, तो उपरोक्त ट्यूबवैलों के काम न करने के कारण क्या हैं तथा इन ट्यूबवैलों के कब तक चालू किए जाने की संभावना है?

----

## पुरानी सब्जी मंडी को स्थानांतरित करना

**90 श्री नरेश सेलवाल ( उक्लाना):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) क्या यह तथ्य है कि उकलाना मंडी में करोड़ों रुपये की लागत से एक नई सब्जी मंडी का निर्माण किया गया है, परन्तु इसे अभी तक चालू नहीं किया गया है;

ख) क्या यह भी तथ्य है कि पुरानी सब्जी मंडी भीड़भाड़ वाली है तथा ट्रकों या वाहनों के लिए उचित रास्ता नहीं है, जिससे अक्सर यातायात जाम होता है; यदि हां, तो पुरानी सब्जी मंडी को अब तक नए परिसर में स्थानांतरित न करने के कारण क्या हैं; तथा

ग) पुरानी सब्जी मंडी को नई सब्जी मंडी में कब तक स्थानांतरित किए जाने की संभावना है?

----

## चिकित्सकों तथा पैरा-मेडिकल अमले के रिक्त पदों को भरना

91 **सरदार मनदीप चट्ठा (पेहोवा):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि पेहवा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन पहले से निर्मित है परन्तु वहां चिकित्सकों तथा पैरा-मेडिकल अमले की कमी है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों तथा पैरा-मेडिकल अमले की नियुक्ति कब तक किये जाने की संभावना है?

----

## तीर्थ यात्रियों के लिए व्यवस्था करना

92 **श्री हरिन्द्र सिंह ( होडल):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या आगामी 2026 ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा के लिए होडल विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में सरकार द्वारा तीर्थ यात्रियों को सुविधा देने के लिए कोई कार्य किया जा रहा है, जैसे उनके ठहरने की व्यवस्था करना तथा परिक्रमा मार्ग पर लाइटें लगाना; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त कार्यों के परिक्रमा शुरू होने से पहले पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## तालाबों का सौंदर्यकरण करना

93 **श्री हरिन्द्र सिंह ( होडल):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि होडल नगर परिषद में गहदरा वाली तालाब (जोहड़) तथा हरिदास मंदिर वाली तालाब (जोहड़) के सौंदर्यकरण तथा ओवरफ्लो की समस्या के समाधान के लिए कार्य कब तक निष्पादित किए जाने की संभावना है ?

----

## हरी खाद का ब्यौरा

94 **श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे किः—

क) गत दो वर्षों अर्थात् 2023-2024 तथा 2024-2025 के दौरान राज्य में जिन ज़िलों में हरी खाद बोई गई, उनकी भूमि के क्षेत्रफल का जिला-वार ब्यौरा क्या है; तथा

ख) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2024-2025 में वर्ष 2023-2024 की तुलना में हरी खाद कम बोई गई; यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं?

----

## बेसहारा पशुओं, कुत्तों तथा बंदरों को नियंत्रित करना

95 **श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि नगर निगम, यमुनानगर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेसहारा पशुओं, आवारा कुत्तों तथा बंदरों के कारण परेशानी हो रही है; तथा

(ख) क्या उपरोक्त पशुओं को नियंत्रित करने तथा उक्त समस्या का समाधान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसका ब्यौरा क्या है तथा नगर निगम, यमुनानगर के क्षेत्र को कब तक बेसहारा पशुओं, आवारा कुत्तों तथा बंदरों से मुक्त घोषित किया जाएगा ?

----

## चिकित्सा महाविद्यालयों की कुल संख्या

96 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) राज्य में कुल कितने चिकित्सा महाविद्यालय हैं तथा राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों का जिलेवार ब्यौरा क्या है;

ख) इन राजकीय एवं निजी महाविद्यालय में स्वीकृत सीटों की पृथक-पृथक संख्या कितनी है;

ग) उपरोक्त महाविद्यालय में एम.बी.बी.एस एवं स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्यक्रमों में

एस.सी./दिव्यांग/ई.डब्लू.एस. श्रेणियों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या कितनी है?

घ) राजकीय एवं निजी महाविद्यालय में एम.बी.बी.एस की वार्षिक फीस संरचना क्या है?

----

**आंगनवाड़ी वर्करों तथा हैल्परों के रिक्त पदों को भरना**

97 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) राज्य में स्वीकृत आंगनवाड़ी केंद्रों की कुल संख्या कितनी है तथा उनका जिला-वार एवं खंड-वार ब्यौरा क्या है;

ख) राज्य में आंगनवाड़ी वर्करों तथा हैल्परों के स्वीकृत पदों की संख्या कितनी है तथा इनका जिला-वार तथा खंड-वार ब्यौरा क्या है;

ग) राज्य में आंगनवाड़ी वर्करों तथा हैल्परों के भरे हुए पदों की संख्या कितनी है तथा उनका जिला-वार तथा खंड-वार ब्यौरा क्या है; तथा

घ) राज्य में एकीकृत बाल विकास सेवा (आई.सी.डी.एस.) के सुदृढ़ीकरण तथा उचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा आंगनवाड़ी वर्करों तथा हैल्परों के रिक्त पदों को भरने के लिए क्या कार्रवाई की जा रही हैं?

----

**आयुर्वेदिक महाविद्यालय खोलना**

98 **श्री अनिल यादव ( कोसली):**

क्या आयुष मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि महानिदेशक, आयुष विभाग ने व्यवहार्यता रिपोर्ट में भाकली गाँव में आयुर्वेदिक महाविद्यालय खोलने की मांग को उपयुक्त माना है ; तथा

ख) यदि हाँ, तो क्या भाकली गाँव में एक आयुर्वेदिक महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इस प्रस्ताव के कब तक कार्यन्वित किए जाने की संभावना है?

----

**सीवरेज तथा स्वच्छ पेयजल पाइपलाइन बिछाना**

99 **श्री अनिल यादव ( कोसली):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे किः– वर्ष 2014-15 से अब तक कोसली विधानसभा क्षेत्र में दोनों अर्थात सीवरेज एवं स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए

कितनी (पाइपलाइनों ) मांगे की गई है, कितनी पाइपलाइनों की स्वीकृत हुई है, कितनी पाइपलाइनों का कार्य पूरा किया गया तथा लंबित पाइपलाइनों की संख्या कितनी है;

----

**रेंज कार्यालयों की स्थापना**

100 **श्रीमती पूजा (मुलाना)ः**

क्या जेल मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि हरियाणा कारागार नियम, 2022 के अंतर्गत राज्य में रेंज कार्यालयों की स्थापना करना आवश्यक है; यदि हां, तो ऐसे कार्यालय कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

----

**मस्क्युलर डिस्ट्रॉफी के मरीजों का उपचार**

101 **श्रीमती पूजा (मुलाना)ः**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) राज्य के किन सरकारी अस्पतालों में मस्क्युलर डिस्ट्रॉफी के मरीजों का इलाज किया जा रहा है;

(ख) वर्तमान में राज्य में मस्क्युलर डिस्ट्रॉफी के मरीजों की संख्या कितनी है; तथा

(ग) मस्क्युलर डिस्ट्रॉफी के मरीजों के इलाज के मामलें में सरकारी अस्पतालों में परिवार की आय प्रमाण पत्र की आवश्यकता के कारण क्या हैं ?

----

**बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराना**

102 **श्रीमती पूजा (मुलाना)ः**

क्या विद्यालय शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि मुलाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव मोहडी, मिर्जापुर तथा बिचपड़ी के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में बुनियादी ढांचे जैसे चारदीवारी, शौचालय इत्यादि का अभाव है; यदि हां, तो इन बुनियादी ढांचे का निर्माण कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

**जलघरों का निर्माण करना**

103 **श्री रणधीर पनिहार (नलवा)ः**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि निम्नलिखित कार्यों को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है :-

क) भर्री में जलघर का निर्माण ;

ख) तलवंडी बादशापुर पंप हाउस पर जल घर का निर्माण; तथा

ग) रावत खेड़ा, विष्णु ढाणी पर बूस्टिंग स्टेशन स्थापित करना?

----

## पानी के चैनलों को पक्का तथा मरम्मत करने की योजना

104 **श्री रणधीर पनिहार (नलवा):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या राज्य में खेतों में पानी के कच्चे चैनलों को पक्का करने तथा मौजूदा पानी के पक्के चैनलों की मरम्मत करने की विभाग की कोई योजना है; तथा

ख) यदि हां, तो गत एक वर्ष के दौरान नलवा तथा आदमपुर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में 20 वर्ष से भी अधिक पुराने मरम्मत किए गए पानी चैनलों की संख्या कितनी है?

----

## नई सड़कों का ब्यौरा

105 **श्री भरत सिंह बैनीवाल ( ऐलनाबाद):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि वर्ष 2025-26 के दौरान ऐलनाबाद विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में निर्माण के लिए प्रस्तावित नई सड़कों का ब्यौरा क्या है?

----

## सड़क को राज्य राजमार्ग के रूप में घोषित करना

106 **श्री भरत सिंह बैनीवाल ( ऐलनाबाद):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़के ) मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) क्या ऐलनाबाद विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र की किसी सड़क को राज्य राजमार्ग के रूप में घोषित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## पीने के पानी की आपूर्ति करना

107 **श्री भरत सिंह बैनीवाल ( ऐलनाबाद):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या ऐलनाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों की सभी ढाणियों में पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है ;

ख) यदि नहीं, तो कितनी ढाणियों को अभी भी कवर किया जाना बाकी है; तथा

ग) सरकार द्वारा शेष ढाणियों को पीने के पानी की आपूर्ति के साथ जोड़ने के लिए बनाए गए प्रस्ताव का ब्यौरा क्या है?

----

## आयुष्मान कार्ड धारकों का उपचार

108 **श्री चन्द्र मोहन (पंचकूला):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि पंचकूला जिले में सरकार के पैनल के कुछ निजी अस्पताल जैसे पारस अस्पताल, ओजस अस्पताल तथा अलकेमिस्ट अस्पताल सरकारी कर्मचारियों का इलाज करते हैं, परन्तु आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज करने से मना करते हैं, जो 5 लाख तक के मुफ्त इलाज के पात्र हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो उनके मना करने के क्या कारण हैं तथा क्या इन अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारकों का उपचार करना अनिवार्य है?

----

## विद्यालय भवन की मरम्मत करना

109 **श्री चन्द्र मोहन (पंचकूला):**

क्या विद्यालय शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:

(क) क्या यह तथ्य है कि पंचकूला जिले के अलीपुर गांव में राजकीय विद्यालय की इमारत जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है; यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा इसकी मरम्मत के लिए कोई बजट आवंटित किया गया है तथा उक्त विद्यालय की इमारत, चारदीवारी तथा शौचालयों की मरम्मत कब तक किए जाने की संभावना है; तथा

(ख) उक्त विद्यालय में शिक्षकों तथा कर्मचारियों के स्वीकृत पदों की संख्या कितनी है तथा वर्तमान में यहां कार्यरत शिक्षकों तथा कर्मचारियों की संख्या कितनी है; तथा

(ग) विद्यालय में विद्यार्थियों की वर्तमान संख्या कितनी है तथा विद्यालय में कहा तक की कक्षाएं संचालित हैं?

----

## सफाई कर्मचारियों के बकाया का भुगतान करना

110 **श्री चन्द्र मोहन (पंचकूला):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि नगर निगम, पंचकूला में सफाई कर्मचारियों को वर्ष 2017 से मार्च, 2025 तक की अवधि के लिए बकाया भुगतान करने का एजेंडा मार्च, 2025 में नगर निगम की बैठक में स्वीकृत किया गया है; यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा इस बकाया का भुगतान कर दिया गया है; तथा (ख) यदि नहीं, तो उक्त बकाया का भुगतान कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## परिवार पहचान पत्र में त्रुटियां सुधारना

111 **श्री उमेद सिंह (बाढड़ा ):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य की परिवार पहचान पत्र प्रणाली के अंतर्गत दर्ज पारिवारिक आय विवरण में व्यापक त्रुटियां हैं, जिसके कारण जनता विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रही है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या इन त्रुटियों को सुधारने के लिए कोई निश्चित समय-सीमा निर्धारित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

----

## पार्क , हरियाली तथा अन्य जन सुविधाओं के विकास के लिए निधियों का उपयोग

112 **श्री उमेद सिंह (बाढड़ा ):**

क्या पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि दादरी जिले के बाढड़ा क्षेत्र में अत्याधिक खनन गतिविधियों के कारण आस-पास के गाँवों में प्रदूषण की स्थिति गंभीर हो गई है; तथा

ख) यदि हां, तो क्या इन गांवों में पार्क , हरियाली तथा अन्य जन सुविधाओं के विकास के लिए प्रदूषण विभाग की निधियों का उपयोग करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## क्रेशरों को औद्योगिक दर्जा प्रदान करना

113 **श्री उमेद सिंह (बाढड़ा ):**

क्या उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कृपया बताएगें किः-

(क) क्या बाढ़डा क्षेत्र में क्रेशर जॉन को एक औद्योगिक गतिविधि के रूप में मान्यता देकर आधिकारिक औद्योगिक दर्जा देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ताकि यह नीतिगत लाभ तथा विनियामक सुविधा ले सके ; तथा

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## औद्योगिक हब स्थापित करना

114 **श्री राम कुमार गौतम (सफीदों):**

क्या उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि पिल्लूखेड़ा में जींद-सोनीपत रोड, 152-डी एक्सप्रेस-वे तथा जम्मू-कटरा एक्सप्रेसवे का जंक्शन बिंदु है; यदि हां, तो क्या पिल्लूखेड़ा में एक औद्योगिक हब या आई.एम.टी स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## पिल्लूखेड़ा का दर्जा नगर पालिका के रूप में बढ़ाना

115 **श्री राम कुमार गौतम (सफीदों):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या पिल्लूखेड़ा का दर्जा नगर पालिका के रूप में बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त प्रस्ताव कब तक कार्यन्वित किए जाने की संभावना है?

----

## चिकित्सकों तथा अन्य अमले के रिक्त पद भरना

116 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः—

क) क्या सिवानी मंडी की 20000 से अधिक की जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए, यहां एक नया उप-केंद्र स्थापित करने तथा एक नये भवन का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, यंहा केवल एक उप-केंद्र है तथा इसका भवन भी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है;

ख) क्या सिवानी के नागरिक अस्पताल (एस.डी.सी.एच.) में चिकित्सकों तथा अन्य अमले की नियुक्ति करने तथा उसे पूर्णतः कार्यात्मक बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;

ग) लोहारू विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के उप-स्वास्थ्य केंद्रों में बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मियों

( पुरुष/महिला ) के रिक्त पद कब तक भरे जाने की संभावना है ; तथा

घ) क्या यह तथ्य है कि झुम्पा कलां गाँव में चिकित्सक, फार्मासिस्ट, एम.पी.एच.एस (पुरुष-1) तथा एम.पी.एच.एस (महिला-1) के पद रिक्त पड़े हैं; यदि हाँ, तो इन पदों को कब तक भरे जाने की संभावना है?

----

## लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह का निर्माण कार्य शुरू करना

117 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या बहल में स्वीकृत लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह का निर्माण कार्य शुरू करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; यदि हां, तो उपरोक्त विश्राम गृह का निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## नए औषधालयों को खोलना

118 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या आयुष मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या सिवानी खंड में आयुर्वेदिक औषधालयों में नियुक्त स्थाई कर्मचारियों की औषधालय-वार संख्या कितनी है ; तथा

ख) क्या उपरोक्त क्षेत्र में नए औषधालयों को खोलने तथा इन औषधालयों के लिए नियमित अमले की नियुक्ति करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

## अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करना

119 **श्री मूल चंद शर्मा (बल्लभगढ़):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः -

(क) क्या यह तथ्य है कि बल्लभगढ़ के सेक्टर-64 सी में आर्य नगर के पास स्थित हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एच.एस.वी.पी) की लगभग 2 एकड़ भूमि, जहां सीवरेज, सड़क तथा अन्य कार्य पहले ही पूरे हो चुके हैं, पर कुछ व्यक्तियों द्वारा तारबंदी करके अतिक्रमण कर लिया गया है; तथा

(ख) यदि हां, तो इस अतिक्रमण के कारण क्या हैं तथा इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है या किए जाने की संभावना है?

----

## पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पी.पी.पी) मोड पर बस स्टैंड का निर्माण करना

120 **श्री मूल चंद शर्मा (बल्लभगढ़):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि पिछली सरकार द्वारा पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पी.पी.पी) मोड के अंतर्गत बल्लभगढ़ में बस स्टैंड बनाने की घोषणा की गई थी; तथा

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा की गई प्रगति की वर्तमान स्थिति क्या है?

----